समस्त पत्र–व्यवहार रजिस्ट्रार, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या 21704 /सम्बद्धता/2016

दिनांक 27/7/2016

स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड/व्यक्तिगत

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

प्रबन्धक,
शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज,
गोसाईंगंज, लखनऊ।

महोदय,

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **बी0बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों की** स्थायी सहयुक्तता प्रदान करने विषयक किये गये महाविद्यालय के स्थलीय निरीक्षण का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पाठ्यक्रम की सहयुक्तता प्रदान किये जाने के प्रयोजनार्थ कराये गये निरीक्षण में निरीक्षक मण्डल की आख्या की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में कार्यपरिषद की बैठक दिनांक **11.07.2016 के अन्य मद संख्या : 02 द्वारा शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, गोसाईंगंज, लखनऊ में बी0बी0ए0 एवं बी0कॉम0** पाठ्यक्रमों की सत्र 2016–17 से स्थायी सहयुक्तता निम्न शर्तों के अधीन प्रदान कर दी गयी है :–

1. समय–समय पर उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
2. प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उनके वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।
3. महाविद्यालय की वेबसाईट पर प्राचार्य व प्रवक्ताओं का पूर्ण विवरण प्रत्येक दशा में अपलोड किया जायेगा।

कृपया तद्नुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीया

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)

संख्या : /सम्बद्धता/2016, दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. गार्ड फाईल।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)